प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

......................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में पूर्वी क्षेत्रों में कई स्थानों पर हल्की से भारी बरसात हुई। वहीं एक–दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड हुई। पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानो पर हल्की से मध्यम तथा कहीं–कहीं भारी बरसात दर्ज की गयी। सबसे अधिक 17 सेंटीमीटर बारिश कोटा के सांगोद में हुई। पीलीबंगा में 11, अटरू, अजमेर, नसीराबाद, मांगरोल में 8–8, डेगाना, भादरा में 7–7 सेंटीमीटर पानी बरसा। आज भी कई स्थानों पर बरसात का सिलसिला जारी है। डीग में तेज हवा के साथ बरसात हो रही है। बरसात से कई स्थानों पर पेड टूट गये है। उदयपुर में सुबह से रूक–रूक कर तेज बारिश का दौर चल रहा है। सवाईमाधोपुर में अच्छी बरसात से ढील बांध पर दो फीट की चादर चल रही है। जालौर में आधे घंटे तक झमाझम बरसात हुई। भरतपुर और धौलपुर में सुबह बरसात की झडी लगी रही। अजमेर शहर के पुष्कर में तथा आस–पास के इलाकों में तेज बरसात हुई, इससे निचले इलाकों में पानी भर गया। मौसम विभाग ने आज नागौर, पाली, और जोधपुर जिले तथा आस–पास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बरसात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां एक–दो दौर भारी बारिश के भी हो सकते है। वहीं 17 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है। यहां गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस बीच पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने आज रामगंज मंडी के सुकेत कस्बे के दौरे पर रहे। उन्होंने जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को बंद नाले खुलवाने और नालों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

......................

राजस्थान पुलिस की ओर से आज से जयपुर में मानव तस्करी पर राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित इस दो दिन के सम्मेलन का उद्देश्य मानव तस्करी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श करना है। सम्मेलन में तस्करी के बदलते स्वरूप, पीड़ितों की पहचान और बचाव, उनके पुनर्वास के तरीके, और अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर खास जोर दिया जाएगा। यह सम्मेलन राज्य भर के पुलिस अधिकारियों और संबंधित हितधारकों के लिए एक साझा मंच प्रदान कर रहा है।

......................

भारतीय नौसेना ने आज विशाखापत्तनम में आयोजित एक समारोह में अपने दो गोताखोरी सहायक पोतों में से पहले पोत – 'निस्तार' को नौसेना में शामिल किया। समारोह में रक्षा राज्य मंत्री, संजय सेठ ने शिरकत की। इस दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और अन्य अधिकारी शामिल रहे। स्वदेशी रूप से तैयार किया गया दस हजार पांच सौ टन से अधिक वजनी ये पोत लगभग 120 मीटर लंबा और 20 मीटर चौड़ा है। इसकी प्राथमिक भूमिकाओं में गहरे समुद्र में गोताखोरी अभियान और संकटग्रस्त पनडुब्बियों के लिए बचाव अभियान शामिल हैं।

......................

परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद हवलदार मेजर पीरू सिंह के शहादत दिवस पर आज उन्हें नमन किया जा रहा है। झुंझुनूं स्थित उनके स्मारक स्थल पर पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनिल कुमार पूनिया सहित पूर्व सैनिक और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया संदेश में उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की है। उन्होंने लिखा कि कृतज्ञ राष्ट्र उनके बलिदान का हमेशा ऋणी रहेगा। शहीद पीरू सिंह झुंझुनूं जिले के बेरी गांव के रहने वाले थे।

......................

राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना–2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू हो गये है। इस यात्रा के लिए लोग 10 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के राजस्थान के मूल निवासी ही इसके पात्र होगें। इस बार एसी ट्रेन से 50 हजार तथा हवाई यात्रा से 6 हजार नागरिकों को तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। ट्रेन के सभी डिब्बों में राजस्थानी लोक नृत्य, लोक

कलाओं और तीज त्योहारों की झलक नजर आएगी। इस बार नागरिकों को वाघा बॉर्डर का भी भ्रमण कराया जाएगा।

......................

बीकानेर के राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र में अश्व पालन पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चार दिन के इस प्रशिक्षण कार्यकम के दौरान किसानों को अश्व पालन, अश्व पोषण प्रबंधन, अश्व प्रजनन और अश्व प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। केन्द्र के प्रभागाध्यक्ष डॉ एस सी मेहता ने हर जिले में घोड़ा पालन को बढ़ावा देने के लिए संगठन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी घोड़ों के लिए रेस कोर्स और अन्य सुविधाओं का निर्माण करना चाहिए। साथ ही छोटेबड़े शहरों में हॉर्स राइडिंग स्कूल शुरू करने के प्रयास होने चाहिए। कार्यकम में राजस्थान सहित, पंजाब, दिल्ली और उत्तरप्रदेश के 27 अश्व पालकों ने भाग लिया।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मन की बात मासिक कार्यक्रम 27 जुलाई को होगा। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। श्रोता इसके लिए 25 जुलाई तक सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

......................